‘बी-पैक्स सदस्यता महाअभियान-2023’ का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

1 सितंबर, 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर ‘बी-पैक्स सदस्यता महाअभियान-2023’ का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- बी-पैक्स (साधन सहकारी समितियाँ) सदस्यता महाअभियान-2023 (01 से 30 सितंबर, 2023 तक) पूरे प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है।
- इस अवसर पर बी-पैक्स सदस्यता अभियान से जुड़ने के लिये ऑनलाइन पोर्टल **https://wwwpacsmember.in/** और टोल फ्री नंबर 1800212884444 का शुभारंभ किया गया।
- प्रदेश के 7,500 पैक्स में फर्टिलाइजर आदि की खरीद के लिये क्रेडिट लिमिट को बढाकर 10 लाख रुपए किये जाने के निर्देश दिये गए हैं।
- प्रदेश भर में सहकारी बैंकों की नई शाखाएँ खोलने के लिये मैपिंग कराने हेतु सहकारिता विभाग को निर्देशित किया गया है।
- पैक्स के माध्यम से 300 से अधिक ई-सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके माध्यम से कृषि एवं कृषि व्यवसाय में अल्पकालिक ऋण दिया जाएगा। कृषि संबंधित सभी आवश्यक वस्तुएँ जैसे- बीज, खाद, यंत्र, कीटनाशक औषधि उपलब्ध कराया जाएगा।
- पैक्स के माध्यम से सदस्यों को कृषि उद्योग, कृषि उपज एवं कुटीर उद्योग और रोजमर्रा की चीज़ों को विक्रय कराने का प्रबंध किया जाएगा।
- बी-पैक्स का अर्थ साधन सहकारी अभियान से है। बी-पैक्स (साधन सहकारी अभियान) सहकारी समिति का अभिन्न हिस्सा हैं, जो कि ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न अवश्यकताओं की पूर्ति करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/launch-of-b-pax-membership-grand-campaign-2023-